# कक्षा 5

# हिन्दी

# पाठ-1 ‘जय जवान, जय किसान’

प्रश्नः1 ‘जय जवान, जय किसान’ का नारा किसने दिया था ?
(क) महात्मा गांधी (ख) सुभाष चंद्र बोस
(ग) जवाहर लाल नेहरू (घ) लाल बहादुर शास्त्री
उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 ‘जय जवान, जय किसान’ कविता में महान आत्मा किसे कहा गया है?
(क) जवान और किसान को
(ख) जवान और मेहनतकश को
(ग) विद्वान और महापुरुषों को
(घ) किसान और भगवान को
उत्तरः (क)

प्रश्नः3 धरा यानी धरती। धरा का ही एक और पर्यायवाची है।
(क) नदी (ख) आकाश
(ग) भू (घ) फसल
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 ‘पराक्रमी’ शब्द से अभिप्राय है।
(क) मेहनती (ख) सुंदर
(ग) तपस्या करने वाला (घ) वीर
उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 ‘मातृ’ शब्द का विलोम है ।
(क) माता (ख) पितृ (ग) मात (घ) मेरा
उत्तरः (ख)

प्रश्नः6 रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। ‘‘तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा’’ यह ----------- ने कहा था ।
(क) सुभाष चंद्र बोस (ख) महात्मा गांधी
(ग) गोपाल कृष्ण गोखले (घ) इंदिरा गांधी
उत्तरः (क)

प्रश्नः7 जिस प्रकार जवान देश की रक्षा करता है, किसान अनाज पैदा करता है। उसकी प्रकार अध्यापक ------- करता है।
(क) किताब लिखता है (ख) नौकरी करता है
(ग) अध्यापन (घ) वकालत
उत्तरः (ग)

प्रश्नः8 जैसे गोलियां दन-दन करती हैं, बादल गड़-गड़ करते हैं, वैसे की मेंढ़क ------- और घोड़ा ----- करता है ।
(क) हिन-हिन, टर्र-टर्र (ख) फड़-फड़, मिन-मिन
(ग) टर्र-टर्र, हिन-हिन (घ) मिन-मिन, फड़-फड़
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 शुद्ध वर्तनी छांटों।
(क) प्रतापी (ख) परतापी
(ग) प्रतापी (घ) प्रतापि
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 मात्र मेरा तन नहीं ----------- ही कुर्बान है ।
(क) सर्वस्व (ख) र्सवस्व
(ग) सर्वसव (घ) सवर्स्व
उत्तरः (क)

प्रश्नः11 ‘त्र’ एक संयुक्त व्यंजनहै। इसका संधि विच्छेद होगा।
(क) त्+र्+अ् (ख) त्र+र्+अ
(ग) त्+र्+अ (घ) त्+अ+र+अ
उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 धरा उगल रही है स्वर्ण, जिसके श्रम प्रताप से, इस पंक्ति में एक धातु का नाम आया है। वह क्या है ?
(क) धरा (ख) श्रम
(ग) प्रताप (घ) स्वर्ण
उत्तरः (घ)

प्रश्नः13वीर जवान, मेहनती किसान, सुंदर भूमि। इसमें वीर, मेहननती, सुंदर शब्द क्या हैं ?
(क) विशेषण (ख) संज्ञा
(ग) सर्वनाम (घ) क्रिया
उत्तरः (क)

प्रश्नः14 गलत युग्म छांटों?
(क) राम्य - रमा हुआ (ख) श्रम -मेहनत
(ग) मौन - चुप रहना (घ) पराक्रमी - वीर
उत्तरः (क)

प्रश्नः15 अलग युग्म छांटों।
(क) पाप - पुण्य (ख) मान - अपमान
(ग) धरा - आकाश (घ) वतन - देश
उत्तरः (घ)

प्रश्नः16 किसान का स्त्रीलिंग बताओ ?
(क) किसानी (ख) जवान
(ग) किसना (घ) किसान
उत्तरः (घ)

प्रश्नः17 सही उत्तर छांटों ।
जवान - बंदूक चित्रकार - ब्रश
किसान - हल अध्यापक -
(क) स्कूल (ख) कलम
(ग) किताब (घ) छात्र

उत्तरः (ख)

प्रश्नः18 निम्न पंक्तियों को पूरा करो ?

----------------------------------------

(क) प्रणाम रम्य भूमि के जवान को, किसान को
(ख) पराक्रमी जवान मातृ भूमि की शान-बान हैं
(ग) भुला सकेगा कौन भला, मौन रक्तदान को
(घ) त्यागी, तपस्वी, धीर-वीर महान आत्मा को

उत्तरः (घ)

# पाठ-2 बड़ा

प्रश्नः1 बड़ा बनाने के लिए दालको सबसे पहले क्या किया जाता है ?

(क) पीसा जाता है (ख) मथा जाता है

(ग) भिगाया जाता है (घ) छाना जाता है

उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 खाला जी का घर नहीं हैं बड़ा बनाना। इसमें प्रयुक्त 'खाला' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) अम्मा (ख) नानी

(ग) दादा (घ) मौसी

उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 बड़ा बनाने में अरहर, उड़द, मूंग आदि का प्रयोग किया जाता है, ये सब हैं --

(क) दालें (ख) सब्जियां

(ग) मसालें (घ) औषधियां

उत्तरः (क)

प्रश्नः4 बड़ा बनाना कोई आसान कार्य नहीं हैं इस बात को पाठ में किस मुहावरे द्वारा बताया गया है?

(क) टेढ़ी खीर (ख) मीठी खीर

(ग) खाला जी का घर (घ) खालीघर

उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 हाथ से चलने वाली चक्की - हथचक्की

विद्युत से चलने वाली चक्की - विद्युत चक्की

पवन से चलने वाली चक्की -

(क) घनचक्की (ख) पंख चक्की

(ग) पवनचक्की (घ) तीन चक्का

उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 पाठ के आधार पर बताओ।

बड़ा बनने के लिए -------------- बनना पड़ता है।

(क) उम्र बढ़ानी पड़ती है

(ख) कद बढ़ाना पड़ता है

(ग) खाला के घर जाना पड़ता है

(घ) पापड़ बेलने पड़ते हैं

उत्तरः (घ )

प्रश्नः7 दालों में क्या पाया जाता है ?

(क) विटामिन (ख) प्रोटीन

(ग) कार्बोहाईड्रेट्स (घ) वसा

उत्तरः (ख)

प्रश्नः8 'बड़ा' पाठ के लेखक हैं ?

(क) हरिकृष्ण दास गुप्ता 'हरि' (ख) चंदन यादव

(ग) स्वयं प्रकाश (घ) प्रेमचंद

उत्तरः (क)

प्रश्नः9 गद्यांश के अनुसार उत्तर दीजिएः-

मैं बड़ा हूं । आपने मेरा ना सुना होगा। कभी न कभी मेरा स्वाद भी अवश्य लिया होगा। दुनिया मुझे जानती मानती है। चटखारे ले-लेकर मेरा स्वाद लेती है। सच, मेरे लिए उसकी लार टपकती रहती है। 'बड़ा' नाम मुझे कैसे मिला - आप जानना चाहेंगे। यूं ही बड़ा नाम नहीं बन गया मैं। इसके लिए मुझे बड़े पापड़ बेलने पड़े। भांति-भांति के कष्ट कसाले झेलने पड़े । तब कहीं जाकर बड़ा पद प्राप्त हुआ। आप समझ रहे होंगे - कोरा नून-मिर्च लगाकर ही मैं बड़ा बन गया हूं। कृप्या इस भुलावे में न रहना। खालाजी का घर नहीं हैं बड़ा बनना। एक नंबर की टेढ़ी खीर है यह।

प्रश्नः1 दुनिया बड़े का स्वाद कैसे लेती है ?

(क) चख कर (ख) उबालकर

(ग) सेककर (घ) चटखारे लेकर

उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 'भुलावा' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) भूलना (ख) बुलाना

(ग) बुलावा (घ) गलतफहमी

उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 'टेढ़ी खीर' मुहावरे का अर्थ बताइए ?

(क) खीर को टेढ़ा करना

(ख) टेढ़े बर्तन में खीर पकाना

(ग) मुश्किल कार्य

(घ) खराब खीर

उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 बड़े का स्वाद कैसा होता है ?

(क) खट्टा (ख) मीठा

(ग) नमकीन (घ) खट्टा - मीठा)

उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 'बड़ा' शब्द का क्या अर्थ है ।

(क) महान (ख) चाट (ग) छोटा (घ) मिठाई

उत्तरः (क)

प्रश्नः10इनमें से कौन-सी फसल दाल नहीं है ।

(क) मूंग (ख) अरहर

(ग) चावल (घ) उड़द

उत्तरः (ग)

प्रश्नः11 'लार टपकना' मुहावरे का समानार्थी है ।

(क) मुंह से पानी आना (ख) नल टपकाना

(ग) पानी टपकना (घ) पानी व्यर्थ बहना

उत्तरः (क)

प्रश्नः12 जैसे बड़ा दाल से बनता है उसी प्रकार इनमें से दाल से क्या बनता है।

(क) खिचड़ी (ख) रोटी
(ग) दही–बड़ा (घ) जलेबी

उत्तरः (क)

प्रश्नः13 इनमें से कौन सा शब्द अनुनासिक नहीं है ?

(क) अरहर (ख) मुंह
(ग) मूंग (घ) चांद

उत्तरः (क)

प्रश्नः14 'चटखारे लेना' एक मुहावरा है। इस मुहावरे का अर्थ है।

(क) चटख-चटख करना (ख) स्वाद लेकर खाना
(ग) सब खत्म कर देना (घ) सब चट कर जाना

उत्तरः (ख)

प्रश्नः15 मैं बड़ा हूं। इसके लिए मुझे बड़े पापड़ बेलने पड़े। दुनिया मुझे जानती–मानती है। प्रस्तुत पंक्तियों में 'मुझे' शब्द क्या है?

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम
(ग) क्रिया (घ) विशेषण

उत्तरः (ख)

# पाठ -3 शेर और चित्रकार

प्रश्नः1 'शेर और चित्रकार' कविता किसके द्वारा लिखी गई है ?

(क) डॉ. सारस्वत मोहन (ख) मैथिली शरण गुप्त
(ग) राम नरेश त्रिपाठी (घ) रवीन्द्रनाथ टैगोर

उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 यमराज का मित्र कौन था ?

(क) चित्रकार (ख) शेर
(ग) नदी (घ) रीछ

उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 'सुनसान' शब्द का सही अर्थ है ?

(क) जहां पहुंचना आसान हो
(ख) जहां पहुंचना आसान न हो
(ग) सुंदर स्थान
(घ) जहां कोई आता जाता न हो

उत्तरः (घ)

प्रश्न4 यमराज को किस का देवता माना जाताहै ?

(क) वर्षा का (ख) अन्न का
(ग) मृत्यु का (घ) धन का

उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 चित्रकार क्या छोड़ कर भागा ?

(क) कागज, कलम (ख) कागज, बांस
(ग) कलम और नाव (घ) ब्रश

उत्तरः (क)

प्रश्नः6 शेर को अपने सामने देखकर चित्रकार ने क्या कहा ?

(क) मुझे चित्र बनाना नहीं आता
(ख) तुम यहां से चले जाओ
(ग) मेरे पास कागज नहीं है
(घ) आप बैठ जाएं ताकि सुंदर चित्र बना दूं।

उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 कविता 'शेर और चित्रकार' कौन से काल में लिखी गई है?

(क) भूतकाल (ख) वर्तमान काल
(ग) भविष्य काल (घ) अनंतकाल

उत्तरः (क)

प्रश्नः8 चित्र बनाने वाले को चित्रकार कहते हैं
गीत गाने वाले को गीतकार कहते हैं
कहानी लिखनेवाले कहानीकार तो
अभिनय करने वाले को ---

(क) अभिनयकार (ख) नाटककार
(ग) फिल्मकार (घ) कलाकार

उत्तरः (घ)

प्रश्नः9 शेर कौन सी संज्ञा है ?

(क) व्यक्तिवाचक (ख) भाववाचक
(ग) जातिवाचक (घ) द्रव्यवाचक

उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 मुहावरा छांटों :-

(क) बहुत देर तक (ख) आँख मूँदकर
(ग) पीठ घुमाकर (घ) आँखे मूँदना

उत्तरः (घ)

प्रश्नः11 पसीने छूटना, हाथ पांव फूलना, पैरों तलेजमीन खिसकना, हाथों के तोते उड़ना इन चारों मुहावरों का एक ही अर्थ है ?

(क) तोते उड़ा देना (ख) भीग जाना
(ग) हाथ पांव बड़े हो जाना (घ) घबरा जाना

उत्तरः (घ)

प्रश्नः12 जिस प्रकार चित्रकार अपनी चतुराई से शेर के चुंगल से बच निकला ऐसे ही एक बार कहानी में अपनी चालाकी से ---- ने अपनी जान बचाई थी, वो था ---

(क) लोमड़ी (ख) बंदर
(ग) चूहा (घ) खरगोश

उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 जंगल में रहने वाले जानवरों को जंगली कहते हैं उसी प्रकार घरों में रहने वाले पशुओं को ------ कहते हैं ?

(क) फालतू (ख) पालतू
(ग) आवारा (घ) घरेलू

उत्तरः (ख)

प्रश्नः14 'शेर' और 'चित्रकार' दोनों के लिए कौन से लिंग का प्रयोग हुआ है ?

(क) पुल्लिंग (ख) स्त्रीलिंग
(ग) नपुसकलिंग (घ) कोई भी नहीं

उत्तरः (क)

प्रश्नः15 झील किनारे नाव लगी थी, एक लगा था बांस, चित्रकार ने नाव पकड़ ली, जी भरकर के सांस। जल्दी-जल्दी नाव चलाकर निकल गया कुछ दूर, इधर शेर था धोखा खाकर झुँझलाहट में चूर। शेर बहुत खिसियाकर बोला - नाव जरा ले रोक, कलम और कागज तो ले जा रे कायर डरपोक। चित्रकार ने कहा - तुरंत ही -रखिए अपने पास, चित्रकला का आप कीजिए जंगल में अभ्यास। प्रस्तुत पद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्नः1 झील के किनारे क्या था ?

(क) पहाड़ (ख) जहाज
(ग) एक और शेर (घ) नाव

उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 चित्रकार ने जी भर कर क्या किया ?

(क) पैसा (ख) कागज
(ग) साँस (घ) बाँस

उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 शेर किसमें चूर था ?

(क) झुँझलाहट में (ख) नींद में
(ग) मस्ती में (घ) सोच में

उत्तरः (क)

प्रश्नः4 शेर ने चित्रकार को क्या ले जाने को कहा ?

(क) कागज (ख) कलम
(ग) कागज और कलम (घ) बाँस

उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 कायर-डरपोक दोनों शब्द आपस में समानार्थी हैं। ऐसे ही शेर शब्द के समानार्थी हैं ?

1. सिंह 2. केहरी
3. भारती 4. वनराज
क. केवल 1 और 2 ख. केवल 3 और 4
ग. केवल 1, 2 और 4 घ. केवल 2, 3 और 4

उत्तरः (ग)

प्रश्नः16 'सारे अंग बटोर कर' का उचित अर्थ है ?

(क) अंग बटोरना (ख) अंग बांटना
(ग) अंगों को समेटना (घ) अंगों को तोड़ना

उत्तरः (ग)

प्रश्नः17 "अब मुँह आप उधर तो करिए जंगल के सरदार"। जंगल का सरदार पंक्ति में किसे कहा गया है ?

(क) कवि को (ख) चित्रकार को
(ग) शेर को (घ) गांव वालों को

उत्तरः (ग)

प्रश्नः18 जिस प्रकार हमारा राष्ट्रीय पुष्पकमल राष्ट्रीय पक्षी मोर, उसी प्रकार हमारा राष्ट्रीय पशु ----?

(क) चीता (ख) बाघ
(ग) हाथी (घ) ऊंट

उत्तरः (ख)

प्रश्नः19 शेर माँस खाता है सो मांसाहारी,
गांय शाक खाती है सो शाकाहरी
कुत्ता मांस और शाक दोनों खाताहै सो ------

(क) अल्पाहारी (ख) मांसाहारी
(ग) सर्वाहारी (घ) शाकाहारी

उत्तरः (ग)

प्रश्नः20 नाव में क्या लगा था ?

(क) सीढ़ी (ख) कागज
(ग) बाँस (घ) कलम

उत्तरः (ग)

प्रश्नः21 निम्न में से कौन शाकाहारी नहीं है ?

(क) खरगोश (ख) नेवला
(ग) लोमड़ी (घ) बंदर
(ड.) लकड़हरना
क. केवल ग और ड. ख. केवल ख, ग और ड.
ग. केवल ख और ग घ. केवल ख, घ और ड.

उत्तरः (ग)

# पाठ-4 हॉकी का जादूगर

प्रश्नः1 हमारा राष्ट्रीय खेल कौन सा है?
(क) फुटबाल (ख) क्रिकेट
(ग) हॉकी (घ) कुश्ती
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 हॉकी को राष्ट्रीय खेल का दर्जा कब मिला ?
(क) 1928 (ख) 1932
(ग) 1929 (घ) 1936
उत्तरः (क)

प्रश्नः3 सैनिकों के दल को जिस प्रकार फौज़ कहते हैं उसी प्रकार खिलाड़ियों के समूह को क्या कहते हैं ?
(क) टोली (ख) टीम
(ग) झुंड़ (घ) संस्था
उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 ध्यानचंद किस खेल के जादूगर थे ?
(क) क्रिकेट (ख) कुश्ती
(ग) कबड्डी (घ) हॉकी
उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 ध्यानचंद हॉकी के खेल में किस जगह से खेला करते थे?
(क) गोलकीपर (ख) सेंटर फारवर्ड
(ग) बैक फारवर्ड
उत्तरः (ख)

प्रश्नः6 गोल न होने पर गोल पोस्ट की जब ऊंचाई मापी गई तो उसकी ऊंचाई कितनी कम थी ?
(क) 2 इंच (ख) 4 इंच
(ग) 3 इंच (घ) $3\frac{1}{2}$ इंच
उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 ध्यानचंद ने सेंटर फारवर्ड खेलते हुए कितने गोल करने का विश्व रिकार्ड बनाया ?
(क) 1000 (ख) 10,000
(ग) 1015 (घ) 800 गोल
उत्तरः (क)

प्रश्नः8 ध्यानचंद का जन्म इलाहाबाद में हुआ था। इलाहाबाद का दूसरा नाम ----- भी है?
(क) काशी (ख) वाराणसी
(ग) हरिद्वार (घ) प्रयाग
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 हॉकी के जादूगर का पूरा नाम है
(क) ध्यान सिंह (ख) कर्नल ध्यानचंद
(ग) मेजर ध्यान चंद (घ) सूबेदार ध्यान सिंह
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 ध्यानचंद की माता का नाम था -
(क) जानकी देवी (ख) श्यामा देवी
(ग) सीता देवी (घ) श्यामा देवी
उत्तरः (ख)

प्रश्नः11 ध्यानचंद ने कौन से वर्ष में फौज की नौकरी शुरू की?
(क) 18 वर्ष (ख) 16 वर्ष
(ग) 14 वर्ष (घ) 17 वर्ष
उत्तरः (ख)

प्रश्नः12 मेजर ध्यानचंद के प्रारंभिक प्रशिक्षक जिन्होंने उन्हें हॉकी के कई महत्वूपर्ण गुर सिखाए --
(क) सोमेश्वर दत्त
(ख) हिटलर
(ग) सूबेदार मेजर बाले तिवारी
(घ) डॉन ब्रेडमैन
उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 डॉन ब्रैडमैन का संबंध किस खेल से था ?
(क) रग्बी (ख) हॉकी
(ग) क्रिकेट (घ) बेसबाल
उत्तरः (ग)

प्रश्नः14 हॉकी के खेल में कितने खिलाड़ी होते हैं ?
(क) 7 (ख) 9
(ग) 12 (घ) 11
उत्तरः (घ)

प्रश्नः15 हॉकी के खेल में कितनी टीमें होती हैं ?
(क) 3 (ख) 4
(ग) 2 (घ) 1
उत्तरः (ग)

प्रश्नः16मेजर ध्यान चंद का जन्म कब हुआ ?
(क) 29 अगस्त, 1905 (ख) 29 अक्तूबर, 1905
(ग) 29 अगस्त, 1904 (घ) 29 अगस्त, 1906
उत्तरः ( क)

प्रश्नः17 ध्यानचंद की कप्तानी में सन् --------- में ----- बी टीम को 8-1 से करारी शिकस्त दी ।
(क) 1937, ऑस्ट्रेलिया (ख) 1936, जर्मनी
(ग) 1938, जर्मनी (घ) 1936, बर्लिन
उत्तरः (ख)

प्रश्नः18 जर्मन तानाशाह के नाम से कौन जाना जाता है ?
(क) हिटलर (ख) मुसोलिनी
(ग) नेपोलियन (घ) सिकंदर
उत्तरः (क)

प्रश्नः19 हिटलर का पूरा नाम क्या था ?
(क) कर्नल हिटलर (ख) एडोल्फ हिटलर
(ग) मेजर हिटलर (घ) ब्रेडमैन हिटलर
उत्तरः (ख)

प्रश्नः20 1936 के बर्लिन ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने जर्मनी को हराकर कौन सा पदक जीता ?
(क) रजत (ख) कांस्य
(ग) स्वर्ण (घ) कोई नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः21 ध्यानचंद ने हिटलर के जर्मन फौज में बड़े पद का प्रस्ताव किस कारण ठुकरा दिया ?
(क) घर से दूर होने के कारण
(ख) पद पसंद नहीं था
(ग) पैसे कम थे
(घ) अपने देश-प्रेम के कारण
उत्तरः (घ)

प्रश्नः22 ध्यानचंद अपने परिवार और खेल प्रेमियों के बीच किस नाम से प्रसिद्ध थे ?
(क) चचा (ख) मेजर
(ग) दद्दा (घ) काका
उत्तरः (ग)

प्रश्नः23 ध्यानचंद की चार हाथ वाली मूर्ति कहां स्थित है ?
(क) ऑस्ट्रेलिया (ख) ऑस्ट्रिया
(ग) न्यूयार्क (घ) लॉस एंजिल्स
उत्तरः (ख)

प्रश्नः24 ओलंपिक खेल कितने वर्ष के बाद होते हैं ?
(क) 4 वर्ष (ख) 5 वर्ष
(ग) 3 वर्ष (घ) 6 वर्ष
उत्तरः (क)

प्रश्नः25 1932 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारत ने अमेरिका को विश्व रिकार्ड अंतर से हराया था ?
(क) 24-2 (ख) 24-1
(ग) 25-1 (घ) 25-2
उत्तरः (ख)

प्रश्नः26 ध्यानचंद को 1956 में किस सम्मान से सम्मानित किया गया ?
(क) पद्‌म विभूषण (ख) हॉकी का जादगर
(ग) पद्‌मभूषण (घ) भारत रत्न
उत्तरः (ग)

प्रश्नः27 1936 के बर्लिन ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने जर्मनी को हराकर कौन सा पदक जीता ?
(क) रजत (ख) कांस्य
(ग) स्वर्ण (घ) कोई नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः28 उनके जन्मदिवस पर 29 अगस्त को प्रतिवर्ष किस रूप में मनाया जाता है ?
(क) गौरव दिवस (ख) राष्ट्रीय खेल दिवस
(ग) अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस (घ) ओलंपिक दिवस
उत्तरः (ख)

प्रश्नः29 ध्यानचंद के पुत्र का नाम है ?
(क) अशोक कुमार (ख) सोमेश्वर दत्त
(ग) बाल तिवारी (घ) रूप सिंह
उत्तरः (क)

प्रश्नः30 किस ओलंपिक में ध्यानचंद को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया ?
(क) लांस एंजिल्स ओलंपिक (ख) म्यूनिख ओलंपिक
(ग) बर्लिन ओलंपिक (घ) ग्रीस ओलंपिक
उत्तरः (ख)

प्रश्नः31जिस ग्राउंड पर मेजर ध्यानचंद ने हॉकी खेलना शुरू किया, उसी ग्राउंड पर उनका अंतिम संस्कार भी हुआ। उस ग्राउंड का नाम है?
(क) फिरोजशाह कोटला
(ख) झांसी का हीरो ग्राउंड
(ग) म्यूनिख ओलंपिक स्टेडियम
(घ) मोहाली ग्राउंड
उत्तरः (ख)

प्रश्नः32 जिस प्रकार ध्यान चंद को हॉकी का जादूगर कहा जाता है उसकी प्रकार जॉन ब्रैडमैन को कहा जाता है ?
(क) क्रिकेट का भगवान (ख) कुश्ती का पहलवान
(ग) फलाइंग सिख (घ) रूस्तम-ए-हिंद
उत्तरः (क)

प्रश्नः33 मेजर ध्यान चंद ने हॉकी से सन्यास लेने के बाद किस संस्थान में प्रशिक्षक के रूप में कार्य किया ?

(क) राष्ट्रीय खेल संस्थान अनंतपुर

(ख) राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला

(ग) शिव शक्ति हॉकी संस्थान

(घ) भारतीय खेल प्राधिकरण

उत्तरः (ख)

प्रश्नः34 हरियाणा में कौन सी जगह हॉकी नर्सरी के नाम से प्रसिद्ध है ?

(क) शाहबाद (ख) कैथल

(ग) सोनीपत (घ) पानीपत

उत्तरः (क)

प्रश्नः35 पूरा करें :-

पीटी उषा - उड़न परी

मिल्खा सिंह - फलाइंग सिक्ख

डॉन ब्रैडमैन - क्रिकेट का भगवान

दारा सिंह - रूस्तम-ए-हिन्द

प्रश्नः36 निम्न में से कौन सा सही है?

क) साक्षी मलिक - कुश्ती

(ख) रितु सिंह - हॉकी

(ग) साईना नेहवाल - बैडमिंटन

(घ) सानिया मिर्जा - टेनिस

क. केवल क

ख. केवल ख

ग. केवल घ

घ. केवल उपरोक्त सभी

उत्तरः (घ)

प्रश्नः37 गलत युग्म छांटों :-

(क) बेटा - अशोक कुमार

(ख) पिता - सोमेश्वर दत्त

(ग) पत्नी - जानकी देवी

(घ) माँ-मालती देवी

उत्तरः (घ)

प्रश्नः38 भारत सरकार ने ध्यान चंद के सम्मान में क्या जारी किया?

क. स्टीकर ख. डाक टिकट

ग. अखबार घ. पत्रिका

उतर : ख

# पाठ-5 नदी यहां पर

प्रश्नः1 'नदी यहां पर' कविता के कवि कौन हैं ?
(क) राम नरेश त्रिपाठी (ख) डा. श्री प्रसाद
(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) चंदन यादव
उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 नदियां कहां से निकलती हैं ?
(क) सागर से (ख) झीलों से
(ग) पहाड़ों से (घ) नहरों से
उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 चलते-चलते आखिर में नदी किस में मिल जाती है ?
(क) झील (ख) सागर
(ग) महानदी (घ) तालाब
उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 पर्वत पर नदी की चाल कैसी होती है ?
(क) तेज (ख) मध्यम
(ग) बहुत धीरे (घ) लुकाछिपी वाली
उत्तरः (क)

प्रश्नः5 नदी फसलों को हरा भरा कैसे बनाती है ?
(क) जगरमगर करके (ख) लुकाछिपी करके
(ग) सींच-सींचकर (घ) सागर में मिलकर
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 नदी कब धीमी और सुस्ताई हो जाती है ?
(क) जब वह पर्वत पर होती है
(ख) सागर में मिलकर
(ग) रात होनेपर
(घ) नीचे मैदान में आकर
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 नदी किस की तरह जगर मगर करती रहेगी?
(क) ट्यूबलाइट की तरह (ख) सूर्य की तरह
(ग) दिये की तरह (घ) बल्ब की तरह
उत्तरः (ग)

प्रश्नः8 नदी सागर में मिलकर क्या रूप ले लेती है ?
(क) झील (ख) सागर
(ग) नदी (घ) महासागर
उत्तरः (ख)

प्रश्नः10 नदी किस बात पर बुरा नहीं मानती ?
(क) थकने पर (ख) लुकाछिपी करने पर
(ग) जगरमगर करने पर (घ) कितना भी पानी लेने पर
उत्तरः (घ)

प्रश्नः11 नदी चलती है। वाक्य में रेखांकित पद हैं --
(क) सर्वनाम (ख) संज्ञा
(ग) विशेषण (घ) क्रिया
उत्तरः (घ)

प्रश्नः12 रिक्त स्थान भरो --
किसे पता है आई कब
मगर रहेगी चलती ही
एक दिये सी जगरमगर
-------------
(क) रात और दिन धरती पर (ख) मैदानों में आती है
(ग) सदा रहेगी जलती ही (घ) हरियाली फैलाती है।
उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 नदी जहाँ से निकलती है वह स्थान कहलाता है ?
(क) उद्गम (ख) संगम
(ग) तराई (घ) डेल्टा
उत्तरः (क)

प्रश्नः14 राम अगर मोटा है तो रमेश पतला
राम अगर आगे है तो रमेश पीछे
राम अगर सीधा है तो रमेश ----
(क) लंबा (ख) टेढ़ा
(ग) मुड़ा हुआ (घ) छोटा
उत्तरः (ख)

प्रश्नः15 जिस प्रकार निशा, रजनी, रात्री (रात) के पर्यायवाची हैं उसी प्रकार नदी के पर्यायवाची हैं?
(क) सरिता (ख) वाहिनी
(ग) तरंगिणी (घ) उपरोक्त सभी
उत्तरः (घ)

प्रश्नः16 हरियाणा के एक पड़ोसी राज्य का नाम 5 नदियों से जुड़ा। वह है ---
(क) दिल्ली (ख) हिमाचल प्रदेश
(ग) पंजाब (घ) राजस्थान
उत्तरः (ग)

प्रश्नः17 भगवान शिव की जटाओं से कौन सी नदी निकलती है?
(क) गंगा (ख) यमुना
(ग) सरस्वती (घ) कावेरी
उत्तरः (क)

प्रश्नः18 नदियों में कारखानों के अपशिष्ट पदार्थ डालने, कपड़े धोने, मल डालने से कौन सा प्रदूषण होता है ?

(क) वायु प्रदूषण (ख) जल प्रदूषण
(ग) ध्वनि प्रदूषण (घ) मृदा प्रदूषण

उत्तरः (ख)

प्रश्नः19 भारत की सबसे बड़ी नदी गंगा है तो विश्व की सबसे लंबी नदी है ?

(क) अमेजन (ख) मिसी सिप्पी
(ग) नील (घ) येलो (पीली ) नदी

उत्तरः (ग) नील नदी (4,132 मिल 6,695 किलोमीटर)

प्रश्नः20 पहाड़ों के नीचे वह क्षेत्र, जिसमें नदी पत्थरों में छिप जाती है ?

(क) तराई (ख) कछार
(ग) भांभर (घ) डेल्टा

उत्तरः (ग)

# पाठ-6 जासूस जमील

प्रश्नः1 'जासूस जमील' पाठ के लेखक हैं?
(क) रामनरेश त्रिपाठी (ख) स्वयं प्रकाश
(ग) डॉ. श्री प्रसाद (घ) चंदन यादव
उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 जमील किस नाम से जाना जाता था?
(क) जमील लड़का (ख) जासूस जमील
(ग) छोटा जमील (घ) तिरछा जमील
उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 'तिरछी नजर से देखना' से अभिप्राय है?
(क) मुंह मोड़ कर देखना (ख) शक करना
(ग) गर्दन घुमा कर देखना (घ) भैंगा होना
उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 जमील की बकरी का नाम था --
(क) बिल्लो (ख) काली
(ग) कल्लो (घ) निल्लो
उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 जमील के पड़ोसी का नाम था?
(क) नंदू (ख) बंधु
(ग) कल्लो (घ) अत्थू
उत्तरः (क)

प्रश्नः6 जमील को नंदू पर किस बात का शक था ?
(क) उसकी बकरी ज्यादा दूध देने लगी थी
(ख) उसकी बकरी बंदरों के साथ रहती थी।
(ग) नंदू ने उसकी बकरी चोरी कर ली थी।
(घ) उसकी बकरी 2-3 सप्ताह से कम दूध दे रही थी।
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 जिस प्रकार अंगूरों का गुच्छा होता है, मिठाइयों का टोकरा होता है, उसी प्रकार लकड़ियों का गट्ठर होता है तथा तारों का ------ होता है ?
(क) मेला (ख) टोकरा
(ग) आकाश (घ) समूह
उत्तरः (घ)

प्रश्नः8 इनमें से कौन दूध देने वाला जानवर नहीं है?
(क) गाय (ख) भैंस
(ग) बकरी (घ) बंदर
उत्तरः (घ)

प्रश्नः9 'आदी' शब्द का अर्थ है शौक परंतु समान ध्वनि वाले शब्द 'आदि' का अर्थ है --
(क) आधा (ख) अधिक
(ग) शुरू (घ) अंत
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 ''अब्बू ने पेड़ की छांव में अंगोछा बिछाया'' वाक्य में प्रयुक्त अब्बू शब्द का समानार्थी है --
(क) अब (ख) अभी
(ग) पिता (घ) बबूल
उत्तरः (ग)

प्रश्नः11 पाठ में प्रयुक्त शब्द 'बुदबुदाया' का अर्थ है --
(क) बदबू आना (ख) मन ही मन बोलना
(ग) दबना (घ) दबाना
उत्तरः (ख)

प्रश्नः12 'पेड़ की छांव में सो गया' पेड़ से हमें छावं के अतिरिक्त निम्न में से क्या नहीं मिलता ?
(क) लकड़ी (ख) फूल
(ग) फल (घ) पानी
उत्तरः (घ)

प्रश्नः13 जमील बकरियों पर नजर रखने के लिए अपने अब्बू के पीछे-पीछे गया।
(क) खेत में (ख) जंगल में
(ग) गांव (घ) शहर में
उत्तरः (ख)

प्रश्नः14 जमील ने जासूसी के महान काम के लिए चीज का बलिदान दिया।
(क) बकरियों का (ख) नंदू का
(ग) दूध का (घ) भूख और प्यास का
उत्तरः (घ)

प्रश्नः15कल्लो का दूध कौन पी जाता था ?
(क) अब्बू (ख) बंदर का बच्चा
(ग) नंदू (घ) पड़ोसी
उत्तरः (ख)

प्रश्नः16 बकरी कौन सा जानवर है -
(क) दूध देने वाला - गाय, भैंस
(ख) बोझा ढोने वाला - घोड़ा, गधा
(ग) चमड़ा देने वाला - हाथी, घोड़ा
(घ) ऊन देने वाला - भेड़, ऊंट
उत्तरः (क)

प्रश्नः17 ''नंदू हाथ में लौटा लिए यहां आता ही होगा'' इस वाक्य में कौन सा काल है ?

(क) भूतकाल (ख) वर्तमान काल

(ग) भविष्य काल (घ) आदि काल

उत्तरः (ग)

प्रश्नः18 बकरियां बंदरों के साथ रहने की आदी हो गई थी। इसका कारण था ?

(क) बंदर रोज बकरियों का दूध पीते थे।

(ख) वे सब इकट्ठे रहते थे।

(ग) वे सब खूब झगड़ते थे।

(घ) बंदर बकरियों को तंग करते थे।

उत्तरः (क)

प्रश्नः19 'जासूस जमील' पाठ के लेखक हैं ?

(क) स्वयं प्रकाश (ख) चंदन यादव

(ग) प्रेमचंद (घ) सूरदास

उत्तरः (ख)

# पाठ-7 गांधी जी महान कैसे बने

प्रश्न:1 भारत में राष्ट्रपिता किन्हें कहा जाता है ?
(क) जवाहर लाल नेहरू (ख) डॉ राजेन्द्र प्रसाद
(ग) लाल बहादुर शास्त्री (घ) महात्मा गांधी
उत्तर: (घ)

प्रश्न:2 गांधी जी का पूरा नाम क्या था?
(क) मोहनदास कर्मचंद गांधी
(ख) मोहनदास धर्मचंद गांधी
(ग) फिरोज गांधी
(घ) सोहन दास कर्मचंद गांधी
उत्तर: (क)

प्रश्न:3 हम सब लोग प्यार से महात्मा गांधी को क्या कहकर बुलाते थे ?
(क) चाचा (ख) दद्दा
(ग) बापू (घ) राष्ट्रपिता
उत्तर: (ग)

प्रश्न:4 गांधी जी का जन्म कब हुआ ?
(क) 2 अक्टूबर, 1869 (ख) 2 अक्टूबर, 1860
(ग) 2 अक्टूबर, 1867 (घ) 2 अक्टूबर, 1870
उत्तर: (क)

प्रश्न:5 गांधी जी को बचपन में किस से डर लगता था ?
(क) पढ़ाई से (ख) मार से
(ग) अंधेरे से (घ) पिताजी से
उत्तर: (ग)

प्रश्न:6 किस घटना को देखकर गांधी जी ने सिर्फ धोती पहनने का निर्णय किया ?
(क) गर्मी को देखकर
(ख) वस्त्रहीन बच्चों को देखकर
(ग) कपड़ों की बचत के उद्देश्य से
(घ) तालाब में आधी धोती पहने और आधी धोती धोते हुए औरत को देखकर
उत्तर: (घ)

प्रश्न:7 गांधी जी ने पेंसिल से पहली चिट्ठी किसे लिखी ?
(क) भारत के वायसरॉय को
(ख) इंग्लैंड की रानी को
(ग) भारत के बच्चों को
(घ) लंदन के बच्चों को
उत्तर: (क)

प्रश्न:8 गांधी जी को क्या अच्छा नहीं लगता था ?
(क) चश्मा
(ख) फिजूलखर्ची और दिखावा
(ग) पेन
(घ) कपड़े

उत्तर: (ख)
प्रश्न:9 किस धर्म में अपरिग्रह में जोर दिया गया है ?
(क) सिक्ख धर्म (ख) बौद्ध धर्म
(ग) जैन धर्म (घ) मुस्लिम धर्म
उत्तर: (ग)

प्रश्न:10 अपरिग्रह से क्या अभिप्राय है ?
(क) अधिक से अधिक धन एवं वस्तुओं का संग्रह करना
(ख) अधिक वस्तुओं एवं धन का संग्रह करना-।
(ग) पढ़ लिखकर बड़े बनना
(घ) दान धर्म करना।
उत्तर: (ख)

प्रश्न:11 गांधी जी के कितने बंदर प्रसिद्ध हैं ?
(क) दो (ख) तीन
(ग) चार (घ) पांच
उत्तर: (ख)

प्रश्न:12 गांधी जी को तीन बंदर किसने दिए थे ?
(क) लंदन के बच्चों ने (ख) भारतीय बच्चों ने
(ग) चीनी बच्चों ने (घ) जापानी बच्चों ने
उत्तर: (ग)

प्रश्न:13 गांधी जी के तीन बंदरों में एक ने आंखों पर हाथ रखे हुए हैं, दूसरे बंदर ने कानों पर और तीसरे बंदर ने अपने हाथ ----- पर रखे हुए हैं ?
(क) सिर पर (ख) कमर पर
(ग) नाक पर (घ) मुंह पर
उत्तर: (घ)

प्रश्न:14 गांधी जी की पत्नी का क्या नाम था ?
(क) कस्तूरबा (ख) कस्तूरी
(ग) पुतलीबाई (घ) मीरा बेन
उत्तर: (क)

प्रश्न:15 गांधी जी के तीन बंदर हमें सिखाते हैं कि बुरा मत कहो, बुरा मत सुना और -- ?
(क) बुरा मत सहो
(ख) चुप रहो
(ग) किसी को दुखी मत करो
(घ) बुरा मत देखो
उत्तर: (घ)

प्रश्न:16'महात्मा' शब्द का संधि विच्छेद होगा :-
(क) महान+आत्मा (ख) महा+आत्मा
(ग) मह+आत्मा (घ) महा+आत्ना

उत्तरः (ख)

प्रश्नः17 कौन सा सुमेल नहीं है (गलत छांटों)

| क | ख |
|---|---|
| (क) अंग्रेजों भारत छोड़ो | बाल गंगाधर तिलक |
| (ख) जय जवान, जय किसान | लाल बहादुर शास्त्री |
| (ग) इंकलाब जिंदाबाद | भगत सिंह |
| (घ) स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है | महात्मा गांधी |
| (ड.) तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा | सुभाष चंद्र बोस |

क. केवल क और ड.    ख. केवल ग
ग. केवल क और घ    घ. केवल ड. और ख

उत्तरः (ग)

प्रश्नः18 सही वर्तनी छांटों -
(क) प्रार्थना    (ख) प्राथना
(ग) प्राथना    (घ) प्राथर्ना

उत्तरः (क)

प्रश्नः19 कक्षा में अध्यापक के प्रवेश करते ही हम उन्हें प्रणाम करते हैं और व्यवस्थित तरीके से बैठकर पढ़ना शुरू करते हैं । यह कहलाता है ?
(क) अपरिग्रह    (ख) झंझट
(ग) हुकूमत    (घ) अदब-कायदा

उत्तरः (घ)

प्रश्नः20 गांधी जी अपनी जेब-घड़ी कहां रखते थे ?
(क) जेब में    (ख) कमर में लटकाकर
(ग) हाथ में    (घ) घड़ी पहनते ही नहीं थे

उत्तरः (ख)

प्रश्नः21 गांधी जी सदा सत्य बोलते थे । जो सदा सच बोलता हो उसे कहते हैं --
(क) वाचाल    (ख) मित्यावादी
(ग) सत्यवादी    (घ) मितभा-ी

उत्तरः (ग)

प्रश्नः22 कुछ वस्त्रों या परिधानों के नाम जोड़े में आते हैं जैसे कमीज-पैंट। ऐसे ही होगा --
1. सलवार- 2. साड़ी -, 3.स्कर्ट -, 4.कुरता -
(क) धोती, ब्लाऊज, कमीज, टॉप,
(ख) ब्लाऊज, धोती, कमीज, टॉप
(ग) कमीज ब्लाऊज, टॉप, धोती
(घ) टॉप, ब्लाऊज, कमीज, धोती

उत्तरः (ग)

प्रश्नः23 पढ़ो और उत्तर दो --

गांधी जी लिखते थे एक बढ़िया पैन से। वह पैन एक दिन चोरी हो गया। लिखने बैठे तो पाया कि पैन है ही नहीं। उसी समय एक बच्चे ने अपनी पैंसिल दे दी। लो बाबा, इससे लिख लो। उन्होंने लिखकर देखा, अरे वाह। इससे तो अच्छा लिखा जाता है और स्याही वगैरह भरने का झंझट भी नहीं। उन्होंने तय कर लिया कि अब पैंसिल से ही लिखेंगे और पैंसिल से उन्होंने पहली चिट्ठी किसे लिखी जानते हो भारत के वायसरॉय को।

प्रश्नः1 गांधी जी के पैन का क्या हुआ ?
(क) टूट गया    (ख) स्याही खत्म हो गई
(ग) चोरी हो गया    (घ) बच्चे को दे दिया

उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 गांधी जी ने क्या तय किया?
(क) अच्छी स्याही का प्रयोग करेंगे
(ख) अपना पैन संभाल कर रखेंगे
(ग) चिट्ठी नहीं लिखेंगे
(घ) अब पैंसिल का ही प्रयोग करेंगे

उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 गांधी जी लिखते थे एक बढ़िया पैन से। विशेषण और विशेषय बताओ ?
(क) लिखना, पैन    (ख) गांधी, लिखना
(ग) गांधी, पैन    (घ) बढ़िया, पैन

उत्तरः (घ)

प्रश्नः4 झंझट से क्या अभिप्राय है ?
(क) परवाह    (ख) परेशानी
(ग) शिष्टाचार    (घ) व्यर्थ का खर्च

उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 अरे वाह! (!) चिह्न का नाम है ?
(क) पूर्ण विराम    (ख) योजक
(ग) विस्मयादि बोधक    (घ) अल्पविराम

उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 पैंसिल से पहली चिट्ठी लिखी ?
(क) बच्चों को    (ख) पिजाजी को
(ग) वायसरॉय को    (घ) देशवासियों को

उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 महात्मा गांधी जी मृत्यु कब हुई थी ?
(क) 30 जनवरी, 1948    (ख) 20 जनवरी, 1948
(ग) 30 अगस्त, 1948    (घ) 30 जुलाई, 1948

उत्तरः (क)

# पाठ-8 सूरदास के पद

प्रश्नः1 श्री कृष्ण किसके पुत्र थे?
(क) देवकी (ख) यशोदा
(ग) यशोधरा (घ) कुंती
उत्तरः (क)

प्रश्नः2 सूरदास कौन थे ?
(क) श्री कृष्ण के मित्र (ख) कृष्ण के भाई
(ग) कृष्ण के छोटे भाई (घ) हिन्दी के साहित्यकार
उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 श्री कृष्ण सुबह से किसके पीछे गए हुए थे ?
(क) ग्वाल-बाल के (ख) अपनी माता के
(ग) गायों के (घ) अपने भाई के
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 यह ले अपनी लकुटि कमरिया, बहुतहि नाच नचायो
इसमें लकुटि का अर्थ है -
(क) लोटा (ख) लकड़ी
(ग) लॉकेट (घ) लाल कपड़ा
उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 श्री कृष्ण किसे अपना बैरी मानते थे ?
(क) अपनी जननी को (ख) सूरदास को
(ग) ग्वाल बाल को (घ) गायों को
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 श्री कृष्ण किस पक्षी का पंख अपने मुकुट में लगाते हैं,
वह हमारा राष्ट्रीय पक्षी भी है ?
(क) तोता (ख) मोर
(ग) कोयल (घ) तोता
उत्तरः (ख)

प्रश्नः7 बालक कृष्ण को क्या खाना सबसे अच्छा लगता है ?
(क) हलवा (ख) मक्खन
(ग) रसगुल्ला (घ) बर्फी
उत्तरः (ख)

प्रश्नः8 कमरिया शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) कंबल (ख) कमर
(ग) कमरा (घ) मारिया
उत्तरः (ख)

प्रश्नः9 बालक कृष्ण माता यशोदा से किसकी शिकायत करते
हैं?
(क) बलराम (ख) राधा
(ग) ग्वालों (घ) सुदामा
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10श्री कृष्ण के भाई का क्या नाम था?
(क) सूरदास (ख) बलराम
(ग) सूरदास (घ) कान्हा
उत्तरः (ख)

प्रश्नः11 सूरदास के पद किस भाषा में लिखे गए हैं ?
(क) ब्रज (ख) अवधी
(ग) हिंदी (घ) संस्कृत
उत्तरः (क)

प्रश्नः12 बेनी शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) लंबी (ख) बाल
(ग) चोटी (घ) बेरी
उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 माता यशोदा कृष्ण की चोटी लंबी करने के लिए उसे
क्या खिलाती-पिलाती थी ?
(क) मक्खन (ख) दूध
(ग) घी (घ) लस्सी
उत्तरः (ख)

प्रश्नः14 खायों शब्द की तुकबंदी वाला शब्द है ?
(क) खाना (ख) खोआ
(ग) पोया (घ) पायो
उत्तरः (घ)

प्रश्नः15 'मैया' शब्द का समानार्थक शब्द है ?
(क) मैया (ख) मैला
(ग) माता (घ) नैना
उत्तरः (क)

प्रश्नः16 भोर शब्द का विलोम शब्द है ?
(क) शाम (ख) दोपहर
(ग) सुबह (घ) रात
उत्तरः (क)

# पाठ-9 आसमान से परे

प्रश्नः1 'कल्पना' शब्द का सही अर्थ है ?
(क) विलाप करना (ख) रोना
(ग) अनुमान लगाना (घ) कल पर छोड़ना
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 कल्पना चावला का जन्म कब हुआ ?
(क) 1 जुलाई, 1970 (ख) 1 जुलाई,1961
(ग) 1 जुलाई, 1972 (घ) 1 जुलाई, 1973
उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 कल्पना चावला का जन्म कर्ण की नगरी में हुआ था । वह है --
(क) कैथल (ख) कुरुक्षेत्र
(ग) अंबाला (घ) करनाल
उत्तरः (घ)

प्रश्नः4 करनाल शहर में कौन सी झील है ?
(क) कर्ण झील (ख) गर्म झील
(ग) ठंडी झील (घ) बड़खल झील
उत्तरः (क)

प्रश्नः5 कल्पना को सर्वप्रथम अपने प्रश्नों के उत्तर कहां से मिले?
(क) फिल्मों से (ख) खेलों से
(ग) आसमान में (घ) किताबों से
उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 कल्पना ने अंतरिक्ष में जाने के लिए किस संस्था में आवेदन किया ?
(क) नासा (ख) इसरो
(ग) यूनेस्को (घ) यू.एन.ओ.
उत्तरः (क)

प्रश्नः7 'नासा' --- में है ?
(क) रूस (ख) अमेरिका
(ग) भारत (घ) ब्रिटेन
उत्तरः (ख)

प्रश्नः8 कल्पना ने विद्यालय में परियोजना के लिए कौन सा विषय चुना ?
(क) पृथ्वी (ख) कृषि
(ग) मंगल ग्रह (घ) शुक्रग्रह
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 सन् 1994 में जब नासा ने अपने नए अभियान के लिए आवेदन मंगवाए तो कितने लोगों ने आवेदन किया ?
(क) 23 (ख) 5
(ग) 2000 से अधिक (घ) 1000
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 कल्पना ने अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा कब की थी ?
(क) 1996 (ख) 1995
(ग) 1997 (घ) 1998
उत्तरः (ग)

प्रश्नः11 कल्पना की पहली अंतरिक्ष यात्रा में कुल कितने सदस्य थे ?
(क) चार (ख) तीन
(ग) पांच (घ) छः
उत्तरः (घ)

प्रश्नः12 अंतरिक्ष में यात्रियों को किस बात का एहसास नहीं होता ?
(क) भूख (ख) भार
(ग) प्यास (घ) नींद
उत्तरः (ख)

प्रश्नः13 अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा में कल्पना कितने समय अंतरिक्ष में रही ?
(क) 15 दिन 6 घंटे
(ख) 15 दिन 7 घंटे 32 मिनट
(ग) 15 दिन 6 घंटे 34 मिनट
(घ) 15 दिन 16 घंटे 33 मिनट
उत्तरः (घ)

प्रश्नः14 अपना काम पूरा करके कल्पना पहली अंतरिक्ष यात्रा के बाद धरती पर कब लौटी ?
(क) 5 दिसम्बर, 1997 (ख) 5 दिसम्बर, 1998
(ग) 4 दिसम्बर, 1998 (घ) 6 दिसम्बर, 1997
उत्तरः (क)

प्रश्नः15 कल्पना अपने 6 सदस्य दल में अंतरिक्ष में किस रूप में गई थी ?
(क) चालक के रूप में
(ख) सहायक के रूप में
(ग) कप्तान के रूप में
(घ) वैज्ञानिक विशेषज्ञ के रूप में
उत्तरः (घ)

प्रश्नः16 कल्पना ने अंतरिक्ष के लिए दूसरी उड़ान कब भरी ?
(क) 16 फरवरी, 2003 (ख) 16 जून, 2003
(ग) 16 जुलाई, 2003 (घ) 16 जनवरी, 2003
उत्तरः (घ)

प्रश्नः17 दूसरी यात्रा में कल्पना का अंतरिक्ष यान धरती की ओर कब लौट रहा था?

(क) 1 फरवरी, 2004 (ख) 4 जून, 2004
(ग) 1 फरवरी, 2003 (घ) 4 जून, 2003
उत्तरः (ग)

प्रश्नः18 'शोध' शब्द का सही अर्थ है --
(क) शोभा (ख) खोज
(ग) शौक (घ) छानना
उत्तरः (ख)

प्रश्नः19 मंगल ग्रह को और किस नाम से पुकारा जाता है ?
(क) सबसे बड़ा ग्रह (ख) लाल ग्रह
(ग) नीला ग्रह (घ) पीला ग्रह
उत्तरः (ख)

प्रश्नः20 'करनाल' शहर महाभारत के किस पात्र से संबंधित है
(क) भीम (ख) अर्जुन
(ग) कर्ण (घ) दुर्योधन
उत्तरः (ग)

प्रश्नः21 सौरमंडल में कुल कितने ग्रह हैं ?
(क) 8 (ख) 6
(ग) 9 (घ) 7
उत्तरः (क)

प्रश्नः22 'प्रशिक्षण' शब्द 'प्र' उपसर्ग से बना है। 'प्र' से बनने वाला निम्नलिखित शब्द नहीं है ?
(क) प्रयत्न (ख) प्रताप
(ग) प्रभात (घ) पुरस्कार
उत्तरः (घ)

प्रश्नः23 कल्पना बचपन से ही बहुत जिज्ञासु थी। उसका दाखिला करनाल के एक विद्यालय में करवा दिया गया। उसे किताबों का बहुत शौक था। वह 1997 में पहली बार अंतरिक्ष यात्रा में गई? कल्पना एक संज्ञा है। रेखांकित शब्द उसके लिए प्रयोग हुए हैं। अतः जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त हो उसे ------- कहते हैं।
(क) सर्वनाम (ख) विशेषण
(ग) क्रिया (घ) क्रिया विशेषण
उत्तरः (क)

प्रश्नः24 कल्पना चावला दूसरी बार जिस यान में गई थी, उसका नाम था -
(क) आर्यभट्ट (ख) कोलंबिया
(ग) तेजस (घ) अर्जून
उत्तरः (ख)

प्रश्नः25 जिस प्रकार कल्पना चावला, अंतरिक्ष में जाने वाली भारत की प्रथम महिला थी ऐसे ही
भारत की पहली महिला राष्ट्रपति - प्रतिभा पाटिल
भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री - इंदिरा गाँधी
उसी प्रकार भारत की माऊंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला -----
(क) संतो-ा यादव (ख) बछेन्द्री पाल
(ग) अरूणिमा सिन्हा (घ) दीपिका राठौड़
उत्तरः (ख)

प्रश्नः26 कल्पना चावला के नाम पर 'कल्पना चावला तारामंडल' हरियाणा के किस जिले में बना है ?
(क) फरीदाबाद (ख) गुड़गांव
(ग) करनाल (घ) कुरुक्षेत्र
उत्तरः (घ)

प्रश्नः27 कल्पना चावला के बाद अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला है --
(क) सुनीता चावला (ख) सुनीता विलियम्स
(ग) ममता सौदा (घ) सानिया मिर्जा
उत्तरः (ख)

# पाठ-10 रानी लक्ष्मीबाई (नाटक)

प्रश्नः1 भारत अंग्रेजों से कब स्वतंत्र हुआ था ?
(क) 15 अगस्त, 1949 (ख) 15 अगस्त, 1947
(ग) 26 जववरी, 1950 (घ) 15 जनवरी, 1947
उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 रानी लक्ष्मीबाई के बचपन का नाम था -
(क) मनु (ख) चंपा
(ग) सुंदर (घ) छबीली
उत्तरः (क)

प्रश्नः3 रानी लक्ष्मीबाई नाटक के पहले दृश्य में नाना साहब किस पर चढ़कर जा रहे हैं ?
(क) बग्घी (ख) हाथी
(ग) घोड़ा (घ) ऊंट
उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 रानी लक्ष्मीबाई के पिता का नाम था -
(क) नाना साहब (ख) राव साहब
(ग) दामोदर (घ) मोरोपंत
उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 नाटक के दूसरे दृश्य में बच्चे कौन सा खेल, खेल रहे थे?
(क) लुकाछिपी (ख) शतरंज
(ग) गुड्डे और गुड़िया (घ) पकड़म - पकड़ाई
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 रानी लक्ष्मी बाई गुड्डे-गुड़िया के विवाह में किस पक्ष में शामिल होती हैं ?
(क) कन्या पक्ष
(ख) वर-पक्ष
(ग) अकेली
(घ) किसी भी पक्ष से विवाह में शमिल ही नहीं होती
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 मनुबाई अस्त्र-शस्त्र चलाने की शिक्षा क्यों ले रही थी ?
(क) दूसरों को मारने के लिए
(ख) अपने देश को शत्रुओं से बचाने के लिए
(ग) पुरुषों से बचने के लिए
(घ) नाना साहब से आगे निकलने के लिए
उत्तरः (ख)

प्रश्नः8 मनु की शादी कहां हुई ?
(क) झांसी (ख) ग्वालियर
(ग) बूंदी (घ) चित्तौड़
उत्तरः (क)

प्रश्नः9 लक्ष्मीबाई के बेटे का नाम था -
(क) गंगाधर (ख) मोरोपंत
(ग) दामोदर (घ) राव साहब
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 रानी लक्ष्मीबाई ने अपने बेटे की जिम्मेदारी किसे सौंपी?
(क) चंपा को (ख) सुंदर को
(ग) सैनिकों को (घ) नाना साहब को
उत्तरः (ख)

प्रश्नः11 आज शत्रु सावधान है, तुम भी सजग रहना। मैं चलता हूँ। ये कथन किसने किसको कहा ?
(क) नाना साहब ने राव साहब को
(ख) राव साहब ने नाना साहब को
(ग) नाना साहब ने लक्ष्मीबाई को
(घ) राव, साहब ने लक्ष्मीबाई को
उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 जैसे वर-वधू, गुड्डा-गुड़िया, शत्रु-मित्र हैं उसी तरह कृतज्ञ -- ?
(क) कृतज्ञता (ख) कृतज्ञन
(ग) कृतघ्न (घ) कुर्ति
उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 वीर-वीरता, शत्रु-शत्रुता, मरना-मौत, लड़ना-लड़ाई। उपरोक्त में वीरता, शत्रुता, मौत, लड़ाई क्या हैं ?
(क) सर्वनाम (ख) क्रिया विशेषण
(ग) भाववाचक संज्ञा (घ) पर्यायवाची
उत्तरः (ग)

प्रश्नः14 तुम्हारे-हमारे, नौकर-चाकर, गुड्डे-गुड़िया, प्रीति-भोज। इन सब में (-) चिह्न लगा हुआ है। इस चिह्न का नाम है ?
(क) विराम चिह्न (ख) अल्प विराम
(ग) योजक (घ) विस्मयादि
उत्तरः (ग)

प्रश्नः15 अंग्रेजो से भारत को स्वतंत्र कराने में रानी लक्ष्मीबाई की तरह अनेक महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जैसे सरोजिनी नायडू, अरूणा आसफ अली, कस्तूरबा, विजयलक्ष्मी।
निम्न में से कौन-कौन हैं ?
(1) सरोजिनी नायडू (2) कस्तूरबा गांधी
(3) रानी लक्ष्मीबाई (4) ऐनी बेसन्ट
क. केवल 1 और 2 ख. केवल 1, 2 और 3
ग. केवल 1 और 3 घ. उपरोक्त सभी
उत्तरः (घ)

प्रश्नः16 मनुष्य अपने ही कर्म के अनुसार फल पाता है (कार्य)

बच्चों के नाम क्रम अनुसार लिखों।

रेखांकित शब्दों को समरूपी भिन्नार्थक शब्द कहते हैं अर्थात जो सुनने में एक समान, लिखने में थोड़े भिन्न परंतु अर्थ में पूरी तरह से भिन्न हैं। इसी के आधार पर गलत युग्म छांटों।

(क) बलि - बलिदान
बली - बलशाली

(ख) जाया - पत्नी
जाया - बेकार

(ग) कलि - कलियुग
कली - फूल का अधखिला रूप

(घ) जरा - बुढ़ापा
जरा - थोड़ा

उत्तरः (ख)

प्रश्नः17 रानी लक्ष्मीबाई एक वीर महिला थी।

लक्ष्मीबाई संज्ञा का कौन सा रूप है ?

(क) जातिवाचक संज्ञा (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ग) भाववाचक संज्ञा (घ) कोई भी नहीं

उत्तरः (ख)

# पाठ-11 ईदगाह

प्रश्नः1 दशहरे के 20 दिन बाद दीवाली आती है उसी तरह रमजान के 30 दिन बाद त्योहार आताहै?
(क) मुहर्रम (ख) महावीर जयंती
(ग) ईद (घ) होली
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 जैसे दीवाली-मंदिर, गुरूपर्व - गुरुद्वारा, वैसे ही ईद-- ?
(क) चर्च (ख) धर्मशाला
(ग) चैत्य (घ) ईदगाह/मस्जिद
उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 हामिद के पांव में जूते नहीं थे, सिर पर एक पुरानी टोपी है, जिसका गोटा काला पड़ गया है फिर भी वह प्रसन्न है, में वह क्या है?
(क) विशेषण (ख) विशेष्य
(ग) क्रिया (घ) सर्वनाम
उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 गांधी जी लिखते थे एक बढ़िया पैन से। विशेषण और विशेष्य बताओ ?
(क) लिखना, पैन (ख) गांधी, लिखना
(ग) गांधी, पैन (घ) बढ़िया, पैन
उत्तरः (घ)

प्रश्नः4 अमीना की आंखों से बड़ी-बड़ी बूंदें क्यों गिरने लगी ?
(क) हामिद सारे पैसे मेले में खो आया था।
(ख) हामिद ने सारे पैसे अपने दोस्तों पर खर्च कर दिए थे।
(ग) हामिद ने सारे पैसे मिठाई वाले को दे दिए थे।
(घ) हामिद को पूरे मेले में सिर्फ अपनी दादी का ख्याल रहा।
उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 संज्ञा शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने की जानकारी मिलती है उसे कहते हैं ?
(क) सर्वनाम (ख) लिंग
(ग) पर्यायवाची (घ) वचन
उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 खिलौना -खिलौने, टोली-टोलियां, बच्चा- बच्चे, ऐसे ही मिठाई ---- ?
(क) मिठाईयां (ख) मिठाइयां
(ग) मीठाईयां (घ) मिठाई
उत्तरः (ख)

प्रश्नः7 पर्यायवाची भरें -
कितना मनोहर, कितना सुहावना ------- है (प्रभात)
(क) दिन (ख) दृश्य
(ग) सुबह/सवेरा (घ) सूर्य
उत्तरः (ग)

प्रश्नः8 अमीना ने अपनी छाती पीट ली ।
हामिद ने कलेजा मजबूत करके कहा, तीन पैसे लोगे ?
रेखांकित पद है :-
(क) पर्यायवाची (ख) मुहावरे
(ग) वाक्य (घ) अनेकार्थी
उत्तरः (ख)

प्रश्नः9 किसने किसको कहा ?
तीन ही पैसे तो हैं, तीन पैसों में क्या-क्या लोगे?
(क) मोहसिन ने हामिद से कहा
(ख) दुकानदार ने हामिद से कहा
(ग) सम्मी ने हामिद से कहा
(घ) दादी ने हामिद से कहा
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10कहानी के अनुसार निम्नलिखित घटनाओं को क्रम में लगाएं (कौन सी घटना पहले घटी, कौन सी बाद में)
(क) तुम डरना नहीं अम्मा, मैं सबसे पहले आऊंगा।
(ख) ईदगाह जाने की तैयारियां हो रही थी।
(ग) नमाज़ खत्म हो गई। लोग आपस में गले मिल रहे हैं।
(घ) महमूद गिनता है, एक - दो, दस- बारह।
क. केवल ख,ग,क और घ
ख. केवल घ,ग,ख और क
ग. केवल क, ख,ग और घ
घ. केवल ख,घ,क और ग
उत्तरः (घ)

प्रश्नः11 'ईदगाह' कहानी हिन्दी के एक सुप्रसिद्ध लेखक की रचना है, उनका नाम है -
(क) राजेन्द्र यादव (ख) जैनेन्द्र कुमार
(ग) मोहन राकेश (घ) प्रेमचंद
उत्तरः (घ)

प्रश्नः12 ईद पर जो पैसे (जेब खर्ची) मिलते हैं उसे क्या कहते हैं ?
(क) ईदी (ख) नकदी
(ग) खज़ाना(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (क)

प्रश्नः13 गद्यांश को पढ़कर निम्न उत्तर दो-
लड़के सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं। बार-बार जेब से खज़ाना निकालकर गिनते है। महमूद गिनता है, एक-दो, दस- बारह। उसके पास बारह पैसे हैं। मोहसिन के पास पंद्रह हैं इन्हीं अनगिनत पैसों की अनगिनत चीजें लाएंगे - खिलौने,

मिठाइयां, बिगुल, गेंद और न जाने क्या-क्या और सबसे ज्यादा प्रसन्न है हामिद। वह भोली सूरत का चार-पांच साल का दुबला-पतला लड़का। उसका पिता गत वर्ष हैज़े की भेंट हो गया था और मां न जाने क्यों पीली होती होती एक दिन मर गई।

प्रश्नः1 सबसे ज्यादा कौन प्रसन्न था ?

(क) मोहसिन (ख) हामिद

(ग) महमूद (घ) हामिद का पिता

उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 मोहसिन के पास कितने पैसे थे ?

(क) बारह (ख) तीन

(ग) खूब सारे-अनगिनत (घ) पंद्रह

उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 हामिद की उम्र कितनी है ?

(क) चार-पांच वर्ष (ख) 3-4 वर्ष

(ग) 5-6 वर्ष (घ) 6-7 वर्ष

उत्तरः (क)

प्रश्नः4 अनगिनत से क्या अभिप्राय है ?

(क) गिनने में कम

(ख) गणित

(ग) गणित से अंजान

(घ) जिसे गिना न जा सके

उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 हामिद के पिता को क्या हुआ था ?

(क) पीलिया (ख) भेंट

(ग) हैज़ा (घ) हैज़ा और पीलिया

उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 महमूद, मोहसिन और हामिद क्या हैं ?

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) जातिवाचक संज्ञा

(ग) भाववाचक संज्ञा (घ) सर्वनाम

उत्तरः (क)

# पाठ-12 हार नहीं होती

प्रश्नः1 'हार नहीं होती' कविता किस कवि की रचना है ?
(क) मैथिलिशरण गुप्त
(ख) डॉ. श्री जयशंकर प्रसाद
(ग) प्रेमचंद
(घ) हरिवंश राय बच्चन
उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 सौ बार फिसलने से भी किस की हार नहीं होती ?
(क) गोताखोर (ख) चींटी
(ग) नौका (घ) उपरोक्त सभी
उत्तरः (ख)?

प्रश्नः3 गोताखोर सागर में से क्या प्राप्त करने के लिए गोता लगाता है?
(क) सीप (ख) मछली
(ग) मोती (घ) हीरा
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 जब तक सफल न हों --------- त्यागो तुम।
(क) खाना (ख) मोती
(ग) नींद चैन की (घ) कोशिश
उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 क्या किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती।
(क) गोता लगाए बिना (ख) विद्यालय जाए बिना
(ग) बड़े हुए बिना (घ) कुछ किए बिना
उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 जिस प्रकार पुष्प का पर्याय फूल, दिन का पर्याय दिवस, उसी प्रकार सिंधु का पर्याय है --
(क) सिंदबाद (ख) तालाब
(ग) झील (घ) सागर
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 किससे डरकर नौका पार नहीं होती ?
(क) फिसलने के डर से (ख) लहरों से
(ग) मोती न मिलने के (घ) तूफान से
उत्तरः (ख)

प्रश्नः8 हरिवंश राय बच्चन एक मशहूर अभिनेता के पिता हैं, जिनके बेटे का नाम अभिषेक बच्चन है। वह हैं ?
(क) संजय दत्त (ख) अनिल कपूर
(ग) अमिताभ बच्चन (घ) रणबीर कपूर
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 किस मैदान को अक्सर लोग छोड़ देते हैं ?
(क) संघर्षों के मैदान को (ख) क्रिकेट के
(ग) हाकी के (घ) फुटबाल के
उत्तरः (क)

प्रश्नः10 सही वर्तनी छांटों -
(क) डूबकिया (ख) डुबकियां
(ग) डुबकीयां (घ) डूबकियां
उत्तरः (ख)

प्रश्नः11 चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है। 'अखरता शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) खरखराहट होना (ख) खर-खर होना
(ग) बुरा लगना (घ) अच्छा लगना
उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 पूरा करो -
असफलता एक चुनौती है स्वीकार करो
-----------------------
जब तक न सफल हों नींद चैन की त्यागो तुम,
संघर्षों का मैदान छोड़ मत भागो तुम।
(क) मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में
(ख) क्या कमी रह गई देखो और सुधार करो
(ग) डुबकियां सिंधु में गोताखोर लगाता है।
(घ) मन का विश्वास रगों में साहस भरता है।
उत्तरः (ख)

# पाठ - 13 धरोहर

प्रश्न:1 धरोहर का अर्थ है -
(क) धरा (ख) अमानत
(ग) आकाश (घ) सलामत
उत्तर: (ख)

प्रश्न:2 पाठ में धरोहर किस का नाम है ?
(क) विज्ञानशाला (ख) पाठशाला
(ग) विश्वविद्यालय (घ) संग्रहालय
उत्तर: (घ)

प्रश्न:3 जहा श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था, वही धरोहर संग्रहालय स्थित है ?
(क) कुरुक्षेत्र (ख) करनाल
(ग) जींद (घ) कैथल
उत्तर: (क)

प्रश्न:4 धरोहर संग्रहालय में किस राज्य के रीति-रिवाज, त्योहार, खान-पान, रहन-सहन आदि का वर्णन किया है ?
(क) पंजाब (ख) उत्तर प्रदेश
(ग) हरियाणा (घ) दिल्ली
उत्तर: (ग)

प्रश्न:5 धरोहर संग्रहालय की शान बना हुआ है --
(क) 1250 वर्ष पुराना मटका
(ख) 1300 वर्ष पुराना हुक्का
(ग) बैलगाड़ी
(घ) 1200 वर्ष पुराना मटका
उत्तर: (घ)

प्रश्न:6 अभी हाल ही में हरियाणा की खिलाड़ी 'साक्षी मलिक' को हरियाणा सरकार ने पुरस्कृत किया है। धरोहर में ऐसे ही पुरस्कृत खिलाड़ियों के साथ-साथ किन के चित्र लगे हुए हैं ?
(क) परिधानों के (ख) औरतों के
(ग) स्वतंत्रता सेनानियों के (घ) इमारतों के
उत्तर: (ग)

प्रश्न:7 संग्रहालय को स्थापित करने में किस विश्वविद्यालय ने योगदान दिया ?
(क) महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक
(ख) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
(ग) चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, हिसार
(घ) चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद
उत्तर: (ख)

प्रश्न:8 देसां में देस हरियाणा
जित दूध-दही का खाणा (खाना)
हरियाणा राज्य विश्वभर में किसलिए प्रसिद्ध है ?
(क) संग्रहालय (ख) दूध-दही
(ग) फसलों (घ) पशुओं
उत्तर: (ख)

प्रश्न:9 हरियाणा में कुल कितने जिले हैं ?
(क) 19 (ख) 20
(ग) 21 (घ) 22
उत्तर: (घ)

प्रश्न:10 कुरुक्षेत्र जिले में धरोहर संग्रहालय के साथ-साथ एक और प्रसिद्ध संग्रहालय है जिसका संबंध माधव से है --
(क) पेनोरमा
(ख) कल्पना चावला तारा मंडल
(ग) श्री कृष्ण संग्रहालय
(घ) गीता भवन
उत्तर: (घ)

प्रश्न:11 संग्रहालय में सबको आकर्षित करते हुक्के की ऊंचाई है--
(क) 4 फुट (ख) 5 फुट
(ग) 6 फुट (घ) 7 फुट
उत्तर: (ख)

प्रश्न:12 आमतौर पर किसी भी वस्तु का निर्माण करते हुए जोड़ आताहै परंतु संग्रहालय में ---- का बना एक ऐसा हुक्का रखा गया है जिसमें न तो कोई जोड़ है और न ही इस पर रंग किया गया है
(क) मिट्टी (ख) मोम
(ग) टेराकोटा (घ) लोहे
उत्तर: (ग)

प्रश्न:13 धरोहर में रखी चारपाई पर कौन सी आरती को बुनाई के साथ लिखा गया है ?
(क) दुर्गा
(ख) गणेश
(ग) शिव-शंकर
(घ) ओम जय जगदीश हरे
उत्तर: (घ)

प्रश्न:14 पारंपरिक परिधानों में रखे गए 52 कली के दामण की क्या विशेषता है ?
(क) इसका रंग बहुत गाढ़ा हैं।
(ख) इसे दोनों तरफ से पहना जा सकता है ।
(ग) इसमें कभी न काला होने वाला गोटा लगाया गया है।
(घ) यह बहुत हल्का है।
उत्तर: (ख)

प्रश्नः15 संग्रहालय में रबड़ की तरह हिलने वाले पत्थर हरियाणा के दादरी के समीप -- गांव की पहाड़ी से मिले हैं ।

(क) कलियाणा (ख) मिर्जापुर

(ग) कमौदा (घ) काकौत

उत्तरः (क)

प्रश्नः16 जैसी-: हारी, बिलोणी, घीलड़ी, बोहिया, बर्तन झांझण, कड़ी झालरा, हसली, हथफूल -- आभूषण वैसे ही -

रथ, बैलगाडी़, रेल, जहाज --?

(क) संचार के साधन

(ख) यातायात के साधन

(ग) धरती पर चलने वाले साधन

(घ) जाने के साधन

उत्तरः (ख)

प्रश्नः17 भाषा के आकर्षण और प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कियाजाता है जैसे -

जहां खाना बनाते हैं - रसोईघर

पूजा करने का स्थान - पूजाघर

नहाने का स्थान स्नानघर

(पाठ के अनुसार) पशुओं के बांधने का स्थान

(क) अस्तबल (ख) गोदाम

(ग) हारी (घ) घेर

उत्तरः (घ)

प्रश्नः19 सही वर्तन छांटों -

(क) संग्रहलय (ख) संग्रहालय

(ग) सग्रांहलय (घ) सग्रांहल्य

उत्तरः (ख)

प्रश्नः20 पांडुलिपि से क्या अभिप्राय है :-

हम लोग जिन ध्वनियों को मुंह से बोलते हैं, उन्हें लिखने के लिए कुछ चिह्न निश्चित कर लिए गए हैं। इन निश्चित चिहृनों को लिपि कहते हैं और पांडुलिपी से अभिप्राय है।

(क) सुनाई गई रचना (ख) बोली

(ग) हाथ से लिखी हुई रचना (घ) टाइप रचना

उत्तरः (ग)

प्रश्नः21 हरियाणा की महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले पारंपरिक परिधानों को भी संग्रहालय में सहजता से सजाया गया है। यहां रखे 52 कली के दामण को देखकर महिलाएं इसे उलट-पुलट कर देखने के लिए मजबूर हो जाती हैं। इस दामण की सबसे बड़ी खूबी है कि इसका वजन 15 किलो है और इसे दोनों तरफसे पहना जा सकता है।

प्रश्नः1 इन पंक्तियों में किस राज्य की बात की गई है ?

(क) पंजाब (ख) हिमाचल

(ग) हरियाणा (घ) भारत

उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 'दामण' की कितनी कलियां हैं ?

(क) 25 (ख) 52

(ग) 53 (घ) 20

उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 'दामण' की एक विशेषता दोनों तरफ से पहना जा सकना है और दूसरा इसका वजन--- है।

(क) 15 ग्राम (ख) 15 फुट

(ग) 15 किलोग्राम (घ) 15 किलोमीटर

उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 पारंपरिक का विलोम होगा -

(क) अपारंपरिक (ख) आधुनिक

(ग) कृत्रिम (घ) पुराना

उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 वचन बदलो - महिलाएं ?

(क) महीला (ख) महिलाएं

(ग) महिला (घ) कोई भी नहीं

उत्तरः (ग)

प्रश्नः22 दामण में 52 कली हैं। 52 कली में कौन सा विशेषण है ?

(क) परिमाण वाचक (ख) संकेतवाचक

(ग) संख्यावाचक (घ) कोई नहीं

उत्तरः (ग)

# पाठ-14 पुष्प की अभिलाषा

प्रश्नः1 'अभिलाषा' से अभिप्राय है -
(क) दूर जाना (ख) भूलना
(ग) इच्छा (घ) रास्ता
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 पुष्प का एक पर्यायवाची ये भी है -
(क) कमल (ख) जलज
(ग) कली (घ) फूल
उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 'पुष्प की अभिलाषा' कविता के कवि है?
(क) माखन लाल चतुर्वेदी (ख) चंदन यादव
(ग) घनानंद घ. सूरदास
उत्तरः (क)

प्रश्नः4 फूलों को एक-एक करके एक धागे में पिरोना 'गूंथना' कहलाता है ?
फूलों को किसके गहनों में गूंथा जाना पसंद नहीं था?
(क) देवताओं के (ख) सुरबाला के
(ग) वनमाली (घ) सम्राट
उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 फूल किसके सिर पर चढ़कर इठलाना नहीं चाहता ?
(क) सम्राट के (ख) लोगों के
(ग) देवों के (घ) प्रेमिका के
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 निम्न में से कौन सा वन का पर्यायवाची नहीं है ?
(क) कानन (ख) जंगल
(ग) वन (घ) दावानल
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 पुष्प की अभिलाषा क्या है ?
(क) जिस पथ पर वीर जाते हैं उसे उसी रास्ते तोड़कर फेंक दिया जाए।
(ख) देवों के सिर पर चढ़ाया जाए।
(ग) प्यारी को रिझाना
(घ) सुरबाला के गहनों में गूंथा जाना।
उत्तरः (क)

प्रश्नः8 पुष्प अपनी अभिलाषा किसे बता रहा है ?
(क) देवों को (ख) सम्राट
(ग) वनमाली (घ) प्रेमिका
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 जिस प्रकार हमारा राष्ट्रीय पशु बाघ है, राष्ट्रीय पक्षी मोर है उसी प्रकार राष्ट्रीय पुष्प -?
(क) गेंदा (ख) कमल
(ग) चमेली (घ) गुलाब
उत्तरः (ख)

प्रश्नः10 सही वर्तनी पहचानों -
(क) मात्रभूमि (ख) मातृभमि
(ग) मातृभूमि (घ) मातृभुमि
उत्तरः (ग)

प्रश्नः11 जिस प्रकार लोटा-लुटिया, राजा-रानी, ग्वाला-ग्वालिन हैं उसी प्रकार से निम्न युग्म नहीं है?
(क) सम्राट -सम्राज्ञी (ख) प्रेम - प्रेमिका
(ग) एक - अनेक (घ) देवी - देव
उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 रिक्त स्थान भरो --
चाह नहीं सम्राटों के शव,
पर हे हरि, डाला जाऊं।
-------------
चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊं।
(क) मुझे तोड़ लेना वनमाली
(ख) चाह नहीं प्रेमी माला में
(ग) मातृभूमि पर शीश चढ़ाने
(घ) चाह नहीं, देवों के सिर पर
उत्तरः (घ)

प्रश्नः12 जैसे फलों का राजा आम, जंगल का राजा शेर उसी तरह फूलों का राजा -- ?
(क) जूही (ख) बेला
(ग) रात की रानी (घ) गुलाब
उत्तरः (घ)

प्रश्नः13 'सुरबाला' का अर्थ है -
(क) सुरीली बाला (ख) अप्सरा
(ग) सुंदर बाला (घ) सुंदर बालों वाली
उत्तरः (ग)

प्रश्नः14 मुझे तोड़ लेना वनमाली
'मुझे' कौन सा सर्वनाम है ?
(क) पुरुषवाचक (उत्तम पुरूषवाचक)
(ख) मध्य पुरुषवाचक
(ग) अन्य पुरुषवाचक
(घ) कोई नहीं
उत्तरः (क)

प्रश्नः15 इनमें से कौन सा फूल का नाम नहीं है?
(क) गेंदा (ख) गेंदा
(ग) मूँग (घ) गुलाब
उत्तरः (ग)

# पाठ-15 बूढ़ी गेंद

प्रश्नः1 बच्चों को कौन खेलता हुआ देख रहा था ?
(क) बच्चे (ख) पक्षी
(ग) गेंद (घ) परी
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 गेंद का आकार कैसा होता है ?
(क) चौकोर (ख) गोल
(ग) आयताकार (घ) वर्गाकार
उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 एक गेंद खामोशी से झाड़ियों में पड़ी थी क्योंकि --
(क) उसे कोई देख नहीं रहा था।
(ख) क्योंकि उस पर मिट्‌टी लगी थी
(ग) क्योंकि झाड़ियां बहुत घनी थी और गेंद निकल नहीं पा रही थी।
(घ) क्योंकि वह बूढ़ी और बेकार हो गई थी।
उत्तरः (घ)

प्रश्नः4 बूढ़ी गेंद की छोटी बहन कौन थी ?
(क) उसके जैसी पुरानी गेंद (ख) परी
(ग) नई चमकीली गेंद (घ) एक लड़की
उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 दिन निकला तो बच्चे हैरान रह गए। न जाने रात में उनके घरों में कौन पुरानी गेंदे रख गया था। हर बच्चा पूरानी, फटी हुई, बदरंग गेंद हाथ में लेकर बाहर आ गया। हर तरफ गेंदें उछल रही थी। वे बच्चे जो कभी नहीं खेले थे, जमकर खेल रहे थे। कोई नहीं जानता था खुशी से उछल रहे थे। कोई नहीं जानता था कि उन बच्चों को पुरानी गेंदें कहाँ से मिल गई थी। वे खुशी से उछल रहे थे। हवा में गेंदें उछल रही थी, उड़ रही थी। हंसी के पंखों पर। कुछ बच्चे उस मैदान में भी आ पहुंचे थे, जहां वह बूढ़ी गेंद पड़ी थी, उसके आधे टूटे हिस्से से भरे पानी में चिड़ियों की टोलियां अपनी चोंच डुबाकर चूं चिर्र कर रही थी। बूढ़ी गेंद को लगा, जैसे चिड़ियों की टोली पूछ रही हो – ''कैसी हो, बूढ़ी अम्मा ?

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें ?

प्रश्नः1 क्या कमाल हो गया था ?
(क) बहुत तेज बारिश हो रही थी।
(ख) उनके पास बहुत से खिलौने थे।
(ग) उनके घरों में कोई पुरानी गेंद रख गया था।
(घ) सभी बच्चों को भरपेट खाना मिल गया था।
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 बच्चों के हाथों में कैसी गेंद थी ?
(क) रंग-बिरंगी (ख) नई चमचमाती हुई
(ग) पुरानी (घ) बड़ी और नई
उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 गेंद के आधे टूटे हिस्से में क्या भरा था ?
(क) मिट्‌टी (ख) कीचड़
(ग) पानी (घ) दूध
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 किसकी टोलियां टूटे हिस्से में भरे पानी को पी रही थी?
(क) चिड़ियों की (ख) कौओं की
(ग) बच्चों की (घ) बंदरों की
उत्तरः (क)

प्रश्नः5 हर बच्चा पुरानी, फटी हुई, बदरंग गेंद हाथ में लेकर बाहर आ गया। प्रस्तुत पंक्ति में रेखांकित शब्द गेंद की विशेषता बता रहे हैं। ऐसे शब्द कहलाते हैं ?
(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम
(ग) विशेषण (घ) क्रिया विशेषण
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 'धुंआधार' से अभिप्राय है ?
(क) बहुत कम (ख) बहुत ज्यादा
(ग) रूक-रूक कर (घ) रिमझिम
उत्तरः (ख)

प्रश्नः7 बादल का पर्यायवाची है ?
(क) वारिद (ख) जलज
(ग) नभ (घ) गगन
उत्तरः (क)

प्रश्नः8 आधी रात को गेंद के पास कौन आया ?
(क) परी (ख) भगवान
(ग) नई गेंदे (घ) बच्चे
उत्तरः (क)

प्रश्नः9 बूढ़ी गेंदों के साथ क्या होता है।
(क) खेलकर फेंक दी जाती हैं।
(ख) नाले में लुढ़क रही होती हैं।
(ग) झाड़ियों में खोई रहती है।
(घ) उपरोक्त सभी।
उत्तरः (घ)

प्रश्नः10 बूढ़ी गेंद ने परी से क्या मांगा ?
(क) उसे नई चमचमाती गेंद बना दे।
(ख) बच्चे अब नई गेंद की जगह उससे खेले।
(ग) परी उसे अपने साथ ले आए।
(घ) जिन बच्चों के पास गेंद नहीं है वो भी गेंद के साथ खेल पाएं।
उत्तरः (घ)

प्रश्नः11 दिन निकला तो बच्चे क्यों हैरान रह गए क्योंकि--

(क) सबके घर में खूब सारे खिलौने थे।

(ख) सबके घर में नए कपड़े आ गए थे।

(ग) सबके घर में खूब सारा खाना आ गया था।

(घ) उनके घरों में कोई पुरानी गेंदें रख गया था।

उत्तरः (घ)

प्रश्नः12 बूढ़ी गेंद की उदासी क्यों जाती रही ?

(क) परी ने उसे नई बना दिया था।

(ख) नई गेंद की जगह बच्चे अब उससे खेल रहे थे।

(ग) प्यासी चिड़िया अब उसमें पानी पी रही थी।

(घ) उपरोक्त सभी।

उत्तरः (घ)

प्रश्नः13 सही युग्म बनाइए -

चमचम - बर्तन

कलकल - पानी

झमाझम - बारिश

झिलमिल - ?

(क) कपड़े (ख) आकाश

(ग) तारे (घ) चांद

उत्तरः (ग)

प्रश्नः14 बच्चे गेंद से खेल रहे हैं - वर्तमान काल

बच्चे गेंद से खेल रहे थे - ?

(क) भविष्य काल (ख) भूतकाल

(ग) वर्तमान काल (घ) पूर्ण वर्तमान काल

उत्तरः (ख)

प्रश्नः15 गेंद शब्द का बहुवचन गेंदें, इसी प्रकार 'परी' शब्द का बहुवचन।

(क) परीया (ख) परियां

(ग) परीयां (घ) परिया

उत्तरः (ख)

प्रश्नः16 'बच्चे खेल रहे हैं' में बच्चे क्या हैं ?

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम

(ग) विशेषण (घ) क्रिया

उत्तरः (क)